एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

वरुण धवन को थंडर हॉट लगती हैं इलियाना डिक्रूज

बॉलिवुड दीवा इलियाना डीक्रूज केवल अपनी फिल्मों के कारण ही नहीं बल्कि अपनी हॉट फोटोज के लिए भी चर्चा में रहती हैं। इलियाना इंस्टाग्राम पर अक्सर अपनी तस्वीरें पोस्ट करती रहती हैं, जिस पर उन्हें उनके फैंस से बेहतरीन कमेंट मिलते रहते हैं। उनके दिवानों में हाल ही में एक नया नाम 'मैं तेरा हीरो' में उनके को-स्टार रहे वरुण धवन का जुड़ गया है। इलियाना ने इंस्टाग्राम पर एक बेहद हॉट तस्वीर पोस्ट की, जिसमें उन्हें व्हाइट स्विमसूट में लेटे हुए देखा जा सकता है।

इलियाना अपनी तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन दिया, 'वेटिंग फॉर द सन टू कम आउट।' वरुण ने इस तस्वीर पर कमेंट में 'थंडर' (बिजली कड़कना) का इमोजी पोस्ट किया। दूसरे बी-टॉउनर्स सेलिब्रिटी भी कमेंट करने से खुद को रोक नहीं सके। मलाइका अरोड़ा ने फायर का इमोजी पोस्ट किया। सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहने वाली इलियाना से हाल ही में फॉलोअर्स के साथ चिटचैट सेशन में किसी ने उनसे अमर्यादित सवाल पूछा था, जिसका उन्होंने मुंहतोड़ जवाब दिया।

दरअसल इलियाना ने एक इंस्टाग्राम पर ह्यब्र रूद्र सेशन शुरू किया। इस सेशन के दौरान इलियाना से उनकी वर्जिनिटी के बारे में सवाल किया गया। किसी ने उनसे पूछा, आपने अपनी वर्जिनिटी कब खोयी?' इस पर इलियाना ने जवाब दिया, आप दूसरों के मामलों में काफी घुसते हैं! आपकी मां क्या कहेंगी! बीते दिनों वह अपने बॉयफ्रेंड से ब्रेकअप को लेकर भी सुर्खियों में रही हैं। हाल ही में इलियाना मुकेश अंबानी के यहां गणेश चतुर्थी सेलिब्रेशन में भी नजर आई थीं। वर्क फ्रंट पर बात करें तो इलियाना अगली फिल्म पागलपंती में नजर आएंगी। फिल्म में उनके साथ जॉन अब्राहम, अनिल कपूर, अरशद वारसी और कृति खरबंदा होंगी। फिल्म को अनीस बज्मी डायरेक्ट करेंगे और यह 22 नवंबर को रिलीज हो रही है।

एंजेलीना जोली से प्रेरणा ले रही हैं जॉर्जिया एंड्रियानी

इतालवी मॉडल जॉर्जिया एंड्रियानी कैरोलाइन कामाक्षी से डिजिटल स्पेस में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं. शो में जॉर्जिया एक अंडरकवर एजेंट की भूमिका निभाएंगी. ऐसे में कथित तौर पर अभिनेता-निर्देशक अरबाज खान की गर्लफ्रेंड जॉर्जिया इस कार्यक्रम में अपनी भूमिका के लिए इंटरनेशनल स्टार एंजेलिना जोली की फिल्म सॉल्ट से प्रेरणा ले रही हैं. जियोर्जिया ने कहा, मैं फिल्म सॉल्ट में एंजेलिना जोली के किरदार से प्रेरणा ले रही हूं.

भाषा से लेकर एक्शन दृश्यों तक यह मेरे लिए एक काफी चुनौतीपूर्ण किरदार रहा, लेकिन मैंने अपना बेस्ट दिया है और उम्मीद है कि दर्शकों को यह पसंद आएगा. कैरोलाइन कामाक्षी एक तमिल वेब सीरीज है जिसमें जॉर्जिया एक अंडरकवर एजेंट के किरदार को निभाते नजर आएंगी जिसका नाम है कैरोलाइन. वेब सीरीज में पुडुचेरी में छुट्टियां बिताने के दौरान कैरोलाइन को मजबूरन एक केस की जिम्मेदारी लेनी पड़ती है. इसके साथ ही आपको बता दें कि जॉर्जिया फिल्म श्रीदेवी बंग्लो में भी दिखाई देंगी.

ऋषिकेश मुखर्जी शैली की फिल्में वापस आ रही हैं

अभिनेत्री यामी गौतम का मानना है कि ऋषिकेश मुखर्जी शैली की फिल्में अपनी वापसी कर रही हैं क्योंकि आजकल ऐसी फिल्में बन रही हैं जिनमें विषय सामग्री और हंसी-मजाक पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। यामी जल्द ही फिल्म बाला में नजर आएंगी। ऋषिकेश मुखर्जी ने ७० और ८० के दशक में कई हिट फिल्में दीं। यामी खुद उनकी चुपके चुपके और गोलमाल जैसी फिल्मों की बहुत बड़ी प्रशंसक हैं। यामी यह देखकर काफी हैरान हैं कि उस शैली की फिल्में साल २०१९ में अपनी वापसी कर रही हैं। यामी का कहना है, चूंकि कहानियां इतनी अलग-अलग तरह की हैं कि लोग इन दिनों विभिन्न प्रकार की फिल्मों को बनते देख सकते हैं। यह एक अच्छी बात है कि कोई फिल्म परफेक्ट तरीके से काम करने की गारंटी के साथ नहीं आ रही है। लोगों की रोजमर्रा की जिंदगियों पर फिल्में बन रही हैं। उनमें एक मैजिक और चार्म है। उरी : द सर्जिकल स्ट्राइक और काबिल जैसी फिल्मों में काम कर चुकीं यामी का कहना है कि फिल्मों में आम लोगों को हीरो के तौर पर दिखाया जा रहा है जिससे लोग खुद को उनके साथ जोड़ सकते हैं। यामी ने आगे कहा, आजकल की फिल्मों में सापेक्षता का गुण है। मुझे इस शैली की और फिल्मों के आने का इंतजार है जिनकी कहानी दिलचस्प हो। मुझे ऐसा लगता है कि ऋषिकेश मुखर्जी शैली की फिल्में वापस आ रही हैं। फिल्मों के डिजाइन, उन्हें बताए जाने के तरीके में बदलाव भले ही आ रहा है, लेकिन अंदर से वह उसी शैली की है। अमर कौशिक द्वारा निर्देशित बाला एक ऐसे आदमी के इर्द-गिर्द घूमती है जो समय से पहले गंजा हो जाता है। फिल्म में इस किरदार को आयुष्मान खुराना निभा रहे हैं। यामी इसमें एक मॉडल का किरदार निभा रही हैं जो छोटे शहर से है।